# 'पंछी संस्कृति के वाहक हैं, इन्हें बचाने और सहेजने की परंपरा को निभाएं'

बूंदी (निसं)। बढ़ती हुई गर्मी में मूक पक्षियों के लिए शीतल जल व्यवस्था कर उन्हे बचाने हेतु उमंग संस्थान द्वारा सेव बर्ड्स मिशन के तहत छत्रपुरा के विभिन्न स्थानों पर परिंडे बंधवाकर उनमें पानी भरा गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं कथावाचक आचार्य ऋतुराज शर्मा मुख्य अतिथि रहे। गजानंद राठौर, सर्वेश्वर दयाल गौतम विशिष्ट अतिथि रहे।

संस्थान समन्वय डॉ सर्वेश तिवारी ने बताया कि ग्रीष्मकाल में पक्षियों को बचाने में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा परिंडा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम

■ **उमंग संस्थान ने छत्रपुरा में बांधे परिंडे**



**बढ़ती गर्मी में मूक पक्षियों के लिए शीतल जल व्यवस्था कर उन्हें बचाने हेतु उमंग संस्थान द्वारा सेव बर्ड्स मिशन के तहत छत्रपुरा के विभिन्न स्थानों पर परिंडे बंधवाकर उनमें पानी भरा गया।**

में रविवार को छत्रपुरा ग्राम में अनारकली की बावडी पर मुख्य अतिथि ऋतुराज शर्मा ने परिंडा बांधकर नियमित जल व्यवस्था की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति अरण्य प्रधान रही है जिसमें पेड़ पौधे, पशु पक्षी इसका अभिन्न अंग है। बेजुबान पक्षी हमारी संस्कृति के वाहक हैं, इन्हें बचाने और सहेजने की जिम्मेदारी प्रकृति की ही नहीं हमारी भी हैं, हमारे यहां प्रकृति संरक्षण की परंपरा रही है जिसे हमें मिलकर निभाना चाहिए।

इससे पूर्व समन्वयक सर्वेश तिवारी ने संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा 14 वर्ष से संचालित अभियान की संभागियों को जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि गजानंद राठौर, सर्वेश्वर दयाल गौतम ने कहा कि आज पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है इसके लिए ऐसे अभियानों से नई पीढ़ी को भी जोड़ा जाना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक महिलाओं के साथ बालिकाओं ने भी मिलकर अभियान में सहभागिता की तथा मंदिर प्रांगण, चौराहे व आसपास पक्षियों के निवास स्थान पर परिंडे बांधकर उनमें नियमित जल भरने का संकल्प लिया। पर्यावरण प्रेमी मनीष कलवाडिया, विष्णु गौतम, गोविन्द राठौर, केशव राठौर, गौरी, शिवा, शीतल ने उमंग संस्थान के इस सामाजिक सरोकार की सराहना करते हुए अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

## शहर के रियायसी इलाके में 33 केवी लाइन का तार टूटकर गिरा

बून्दी (निसं)। रविवार को बूंदी शहर के बीबनवां रोड स्थित शिवाजी नगर के रियायसी इलाके से गुजर रही 33000 केवी लाइन का तार अचानक टूटकर मकान की छत पर व सड़क पर गिर गया। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। अचानक हुई इस घटना से मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। मोहल्ले वासियों ने तत्परता दिखाते हुए विद्युत विभाग के टोल फ्री नंबर पर कॉल कर कर लाइन को बंद कराया।

■ **कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, मोहल्ले वासियों ने समय रहते लाईन को बंद करवाया**

मौके पर पहुंचे विद्युत विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनीष यादव ने बताया कि कई बार लाइन का सर्वे कर लिया गया है। लेकिन डिमांड जमा नहीं होने के कारण लाइन शिफ्ट नहीं हो पाई है। डिमांड जमा होने के बाद लाइन शिफ्ट कर दी जाएगी।

घटना पर कॉलोनी वासियों में रोष प्रकट करते हुए कनिष्ठ अभियंता को खरी खोटी सुनाई। वहीं पूर्व विधायक ने भी लाइन शिफ्ट करने के लिए अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखा है।

# बूंदी में नौ दिवसीय रामकथा की पूर्णाहुति हुई



**हनुमान धर्मशाला में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा की पूर्णाहुति हुई।**

बून्दी (निसं)। हनुमान धर्मशाला में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा की पूर्णाहुति रविवार को हुई।

नवें दिन व्यासपीठ से कथा वाचक श्री राधे राधे महाराज ने जटायु मिलन, रावण वध, माता सीता मिलन एवं भगवान श्री राम का अयोध्या आगमन के प्रसंग पर विस्तृत प्रकाश डाला।

पूर्णाहुति के मौके पर श्री राधे राधे महाराज का माल्यार्पण कर दुपट्टा पहना कर अभिनन्दन किया।

इस दौरान पूरी राम कथा में महिलाओं ने एवं श्रद्धालुओं बीच-बीच में नृत्य करते हुए एक स्वर में भगवान श्री सीताराम, हनुमान जी महाराज के जयकारों से परिसर गुंजायमान रहा।

# वल्लभाचार्य जी की जयंती पर चार मई को प्रभात फेरी निकलेगी

बून्दी (निसं)। वल्लभाचार्य जयंती के अवसर पर चार मई शनिवार को प्रातः 6 बजे गोपाल लाल जी के मंदिर से शोभायात्रा के रूप में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। आयोजन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पारीक, समाज सेविका राधा मुंदडा ने बताया वल्लभाचार्य जी की जयंती पर शनिवार को बालचंद पाड़ा स्थित वल्लभ संप्रदाय की प्रथम पीठ श्री गोपाल लाल जी मंदिर से प्रातः 6 बजे श्री वल्लभाचार्य जी की छवि को घोडा बग्गी में विराजमान कर उनका श्रृंगार कर शोभा यात्रा के रूप में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इसके पूर्व पुजारी पंडित मधुसूदन शर्मा द्वारा गोपाल लाल जी की एवं श्री वल्लभाचार्य जी की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना कर आरती उतार कर प्रभात फेरी को रवाना करेंगे। प्रभात फेरी तिलक चौक, सदर बाजार, कोटा रोड होते हुए रघुवीर भवन स्थित श्री सौभाग्य बिहारीजी के मंदिर तक जाएंगी, जहां महा आरती के साथ प्रभातफेरी का विसर्जन होगा।

■ **श्री वल्लभाचार्य जी की छवि को घोड़ा बग्गी में विराजमान कर श्रृंगार कर शोभायात्रा निकलेगी**

## मादा मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सुरक्षित चंबल नदी में छोड़ा

रावतभाटा, (निसं)। परमाणु बिजलीघर की निर्माणाधीन 7वीं और 8वीं इका में रविवार दोपहर को एक मादा मगरमच्छ परिसर में घुस गई। पेट्रोलिंग के दौरान सुरक्षा दीवार के पास बैठे मगरमच्छ को देख सुरक्षाकर्मी घबरा गए। जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची और मादा मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू करवाया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी नरेंद्र विश्नोई ने बताया कि एनपीसीआ एल की निर्माणाधीन इका में मगरमच्छ की सूचना मिली। तुरंत मौके पर पहुंची वनकर्मियों की टीम ने देखा कि करीब 6 फिट की मादा मगरमच्छ 4 नंबर टावर के पास बैठी थी। इस पर वन कर्मियों ने रस्सी व बंबू की सहायता से कडी मशक्कत कर मगरमच्छ को रेस्क्यू किया। मगरमच्छ का वजन 1 क्विंटल के करीब था। टीम के वनपाल मुकेश पालीवाल, लेहरूलाल, वनरक्षक हमीरा राम, अन्नू राठौड, सोनू कुमावत, सेफ्टी सुपरवाइजर बलराम गुर्जर, गजेंद्र शर्मा, वीरेंद्र मेहर व महेंद्र सिंह के सहयोग से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर सुरक्षित चंबल नदी में छोड़ा गया।

# 'केवल मनुष्य ही अपने रक्तदान से दूसरों की जीवन रक्षा करता है'

बून्दी (निसं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बूंदी सेवा केंद्र की पूर्व संचालिका दिवंगत राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के तृतीय पुण्यतिथि पर स्नेह सुमनांजली कार्यक्रम के तहत रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। तिरुपति विहार स्थित ब्रह्माकुमारी सभागार में आयोजित इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी रजनी दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते हुए रक्तदान करने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि रक्त का दान किसी के भी जीवन को बचाने में अहम भूमिका अदा करता है।

सेवा केंद्र प्रभारी रजनी दीदी ने कहा आजकल बढ़ती दुर्घटनाओं के दौरान सबसे अधिक रक्त की आवश्यकता होती है। आवश्यकता के समय में रक्त रोगी को नया जीवन प्रदान करता है। इन्होंने कहा कि परमात्मा ने मनुष्य को रक्त बनाने की शक्ति दी है। केवल मनुष्य ही अपने रक्त का दान कर दूसरे के जीवन की रक्षा कर सकता है।



**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बूंदी सेवा केंद्र की पूर्व संचालिका दिवंगत राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कमला दीदी के तृतीय पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।**

रक्तदान शिविर में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कर पुण्य अर्जित किया।

सभी रक्तदाताओं को ब्रह्माकुमारी गीता दीदी, रजनी दीदी ने तिलक लगाकर पौधा भेट कर सम्मानित किया। इस दौरान गीता दीदी, दीदी कौशल्या दीदी, सभी रक्तदाताओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कमला दीदी को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए घोषणा की थी, उपहार दिए



**मतदाताओं को गिफ्ट हैंपर वितरित किए।**

छबड़ा (निसं)। कस्बे के स्वर्ण व्यवसायी राजमल सराफ ने लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए 24 अप्रैल को एसडीएम के समक्ष लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा पोलिंग बूथ पर लाकर जागरूकता पैदा करने का प्रण लिया था और घोषणा की थी की उनके प्रतिष्ठान पर पहले आओ पहले पाओ के तहत 10 गिफ्ट हैंपर दिए जाएंगे।

जो भी मतदाता अपने मतदान के बाद अपनी मतदान अंगुली की स्याही 27 अप्रैल को ताराचंद राजमल की दुकान पर आकर दिखाएगा, उन पहले 10 मतदाताओं को उनकी फर्म की तरफ से गिफ्ट हैंपर वितरित किए जाएंगे। इस घोषणा के तहत रविवार को गिफ्ट हैंपर वितरित किए गए। सभी ने ताराचंद राजमल सराफ का धन्यवाद दिया। इस तरह की पहल मतदाताओं के लिए एक अनोखी पहल है, जिससे मतदान में काफी सुधार हुआ और मतदान मैं बढ़ोतरी हुई और राजस्थान का मतदान प्रतिशत अच्छा रहा है।

# तालाब गांव में दो बालकों को आश्रम से बंधक बनाने की बात अपवाह निकली

बून्दी (निसं)। बूंदी जिले के हिंडोली पुलिस थाना क्षेत्र के तालाब गांव स्थित एक आश्रम मे दो बालकों को साधु बाबा द्वारा बंधक बनाने की बात ने पुलिस की परेड करवा दी। सूचना पर आश्रम पहुंची हिंडोली थाना पुलिस ने पूछताछ के बाद पूरे मामले को अफवाह बताया।

पुलिस की पूछताछ में दोनों बालकों ने बताया कि वह दोनों अपनी मर्जी से आश्रम में रह रहे हैं और उन्हें किसी प्रकार से बंधक नहीं बनाया गया है। न ही उन पर कोई दबाव डाला गया है। जिसके बाद दोनों बालकों को पुलिस ने बाल कल्याण समिति को सौंप दिया।

■ **झूठी खबर ने हिंडोली पुलिस की परेड करवाई**

■ **पुलिस जाप्ते के साथ आश्रम पहुंचे और दोनों बालकों से पूछताछ की**

हिण्डोली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया कि थाना क्षेत्र के तालाब गांव में आश्रम में बाबा द्वारा दो बालकों को बंधक बनाने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस जाप्ते के साथ आश्रम पहुंचे और दोनों बालकों से पूछताछ की।

**दोनों ने मर्जी से आश्रम में आने की बात कही:**- पूछताछ में 17 वर्षीय भुवनेश व 15 वर्षीय दीपू ने बताया की वह केशोरायपाटन के रडी चढ़ी के रहने वाले हैं। वह करीब एक महीने पहले ही आश्रम मे आया है और अपनी मर्जी से यहां सेवा कर रह रहा है।

बाबा ने किसी प्रकार से परेशान नहीं किया। किसी प्रकार का दबाव नहीं है। दूसरे युवक दीपू ने बताया कि वह भी अपनी मर्जी से आश्रम मे आया था और मर्जी से ही वापस दादी के पास जा रहे हैं। बाबा ने उन्हें किसी प्रकार से परेशान नहीं किया। इसके बाद पुलिस ने दोनों बालकों को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द कर दिया।

## पांच दिवसीय योग शिविर का समापन

रावतभाटा, (निसं)। आरोग्य भारती रावतभाटा द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय जीवन शैली योग शिविर का समापन वैज्ञानिक अधिकारी रामहित मीणा व वरिष्ठ योग साधक वीरेंद्र कुमार इंडोपिया द्वारा दीप प्रज्जन कर किया गया। आरोग्य भारती के अध्यक्ष हरीश वाधवा ने बताया कि योगाचार्य राधेश्याम शर्मा द्वारा चलाए जा रहे पांच दिवसीय जीवन शैली द्वारा जनित रोगों के निवारण हेतु जोगिंग, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, नौकासान, भुजंगासन, पाद चक्रासन, सूर्यभेदी प्राणायाम, कपालभाति, अग्निसार प्राणायाम, ध्यान योग निद्रा सिखाई गई।

# वैशाख मास में जल दान का सर्वाधिक महत्व, जल मंदिर का शुभारंभ

बून्दी (निसं)। 24 अप्रेल से वैशाख मास का आरंभ होने के साथ ही शहर में धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दान पुण्य के कार्य प्रारंभ हो गए।

धार्मिक मान्यताओं में वैशाख मास को अत्यंत पवित्र और पुण्यदायी माना गया हैं, जो कि देव आराधना, दान और पुण्य के लिए श्रेष्ठ मास है। ज्योतिषाचार्य पं. विनोद कुमार गौतम ने बताया कि वैशाख मास में जरूरतमंद लोगों को कम से कम साफ जल पिलाने की व्यवस्था जरूर करनी चाहिए। स्कंद पुराण के अनुसार इस माह में जल दान का सर्वाधिक महत्व है, जो पुण्य सब दानों से मिलता है, उसी पुण्य और फल की प्राप्ति वैशाख मास में सिर्फ जल का दान करने से हो जाती है।

वैशाख मास की पुण्य कार्यों के तहत रविवार को रानी रोहिणी कुमारी राजपूत महिला फाउंडेशन द्वारा ईश्वरी निवास के बाहर शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिये ठंडे पानी का प्याऊ का शुभारंभ आरआरके फाउंडेशन की अध्यक्ष रानी रोहिणी कुमारी ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। इस अवसर रानी रोहिणी कुमारी ने कहा कि प्यासे व्यक्ति को पानी पिलाना मानव का सच्चा धर्म है और यह एक बहुत पुण्य का कार्य है। इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे सदस्कंचन हाडा, राजप्रभा, चित्रा सिंह, पूजा शेखावत सहित सद्स्य मौजूद रहे।



**वैशाख मास का आरंभ होने के साथ ही धार्मिक मान्यताओं के अनुसार दान पुण्य के कार्य प्रारंभ हो गए।**

वहीं शहर के विकास नगर स्थित रोटरी क्लब के सामने स्वर्गीय गायत्री देवी खंडेलवाल की पुण्य स्मृति में उनके परिजन भवानी शंकर खंडेलवाल भीषण गर्मी को देखते हुए आने जाने वाले राहगीरो के लिए जल मंदिर का संचालन शुरू किया।

रानू खंडेलवाल ने बताया कि यह जल मंदिर लोगों को गर्मी में राहत प्रदान करेगी, जिसका संचालन निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर महेश खंडेलवाल, महेश पटवारी, आशुतोष गुप्ता, योगेंद्र जैन, नारायण झंवर, कुलदीप सिंह हाडा, विनोद शर्मा, श्याम, आशुतोष मुंदडा सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# शिविर में 178 मरीज लाभान्वित

रामगंजमंडी (निसं)। मां फलौदी आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल खैराबाद धाम में 27 अप्रेल शनिवार को आयुर्वेदिक फिजियोथेरेपी चिकित्स्कीय परामर्श एवं नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 178 मरीजों को लाभान्वित किया गया एवं चौदह पीड़ित असहाय, निशक्त, जरूरतमंद वृद्ध जन महिला पुरुषों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए शिविर में मौजूद ट्रस्टी टीम एवं प्रशिक्षित नेत्र चिकित्स्कों टीम के सहयोग द्वारा लाभान्वित किया गया।

जिनके निःशुल्क ऑपरेशन आगामी सप्ताह में मरीजों की स्वास्थ्य सहूलियत के अनुसार किये जा सकेंगे।जिसमें खैराबाद धाम के नजदीकी विभिन्न गांवों के एवं स्थानीय रोगी के परिजनों ने पंजीकृत कराया। प्रचार प्रसार समिति के प्रबंधक समाज सेवी डॉ.नयन प्रकाश गांधी ने बताया की शिविर में ट्रस्ट मनोनीत अध्यक्ष घनश्याम आंचौलिया, कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद गुप्ता, वरिष्ठ समाज सेवी अखिलेश मेडतवाल, राजेश बोबस राजेश करावन, खैराबाद पंचायत अध्यक्ष हुकमचंद्र चौधरी, राधेश्याम गुप्ता दिल्ली, लोकेश मोडीवाल ,युवा अध्यक्ष पंकज मेडतवाल, राधेश्याम रोकडिया,जगदीश मंत्री, दामोदर गुप्ता, महेश घाटिया, राजेंद्र गुप्ता, सोहन, बिठल आंचौलिया, लक्ष्मीनारायण सोनी व राजू गुप्ता सहित आदि शामिल रहे। चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर नीलेश गुप्ता, विशाल गुप्ता, आर आर पारीक, जैनेन्द्र कुमार शर्मा ,घनश्याम वैष्णव, विपिन, कैलाश भाई, गिरिराज गुप्ता एवं विभिन्न सहयोगी टीम सदस्य मौजूद रहे। डॉ.नयन प्रकाश गाँधी ने बताया की कार्यक्रम में मरीजों के साथ परिजनों की अल्पाहार चाय जलपान की व्यवस्था भी समाज बंधुओ द्वारा की गयी।कोषाध्यक्ष प्रकाशचंद गुप्ता ने बताया की सेवा परमो धर्मः जैसी अनुकरणीय पहल मेड़तवाल वैश्य समाज के राष्ट्रिय स्तर पर सामाजिक सरोकार के प्रकल्प के तहत माँ फलौदी के आशीर्वाद समाज के पूर्वजों प्रेरणास्वरूप की गई।



**रामगंजमंडी में मां फलौदी आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल खैराबाद धाम में आयुर्वेदिक फिजियोथेरेपी चिकित्सकीय परामर्श एवं नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया।**

शिविर में विभिन्न तकलीफों असमय मोटापा बढना, डायबिटीज, शुगर, पीठ कमर, घुटने का असहनीय पुराने दर्द, चोट, आंखों में पानी बहना, धुंधलापन एवं नेत्र रोग आदि हेतु आयुर्वेदिक फिजियो थेरेपी एवं नेत्र चिकित्स्कों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं कुछ चयनित आयुर्वेदिक दवाइया भी दी गई।सेवा परमो धर्मः पहल का उद्देश्य मेड़तवाल वैश्य समाज सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में युवा महिलाओं पुरुषों वरिष्ठ जनों को एकजुट करना है।

विभिन्न सोशल मिडिया के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों एवं कई प्रबुद्ध जनों द्वारा इस मानव सेवा परमार्थ सेवा के सेवा परमो धर्मः पहल की सराहना की गई और सेवा हेतु ट्रस्ट की समर्पित टीम सदस्यों व चिकित्सकीय टीम सदस्यों को साधुवाद दिया।